# लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान

(स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) एवं लोहिया स्वच्छता योजना)

**बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति, ग्रामीण विकास विभाग**

बिहार सरकार



विद्युत भवन-2, प्रथम तल, बेली रोड, पटना-800 021, दूरभाष : +91-612-250 4980, फैक्स : +91-612-250 4960 वेबसाइट : www.lsba.bih.nic.in


पत्रांक : BRLPS/LSBA/Proj/90/18/529 दिनांक : 26/08/19

प्रेषक,

राजीव कुमार सिंह, बि०प्र०से०,
प्रशासी पदाधिकारी-सह-राज्य समन्वयक।

सेवा में,

सभी जिला परियोजना प्रबंधक/प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक,
जीविका, बिहार।

**विषय :** **'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2019' के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में।**

**प्रसंग :** **इस कार्यालय का पत्रांक BRLPS/LSBA/Proj/90/18/503 दिनांक 20.08.2019.**

महाशय/महाशया,

उपरोक्त विषयक प्रसंगाधीन पत्र के संदर्भ में अवगत करना है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 14 अगस्त, 2019 से 30 सितंबर, 2019 तक 'स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2019' (SSG-2019) कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसके जरिए 'स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण' द्वारा निर्धारित स्वच्छता के मानकों पर प्राप्त की गयी उपलब्धियों के आधार पर देश के सभी जिलों को श्रेणीबद्ध (Ranking) किया जाना है। यह राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण बिहार राज्य के सभी जिलों में किया जाना है। इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु Citizen Feeback हेतु निम्नांकित अहम साधन (Tool) का उपयोग किया जाना है :-

1. आम ग्रामीण जनों की भागीदारी हेतु तैयार **मोबाईल एप SSG2019** का स्मार्टफोन उपयोगकर्ता द्वारा गूगल प्ले स्टोर या वेब लिंक https://tinyurl.com/SSG2019CF के माध्यम से डाउनलोड कर एप में दिए गए चार आसान प्रश्नों का उत्तर सही का निशान लगाकर दिया जाना है।
2. वैसे ग्रामीण जन जो स्मार्टफोन का उपयोग नहीं करते हैं, वे टॉल फ्री नं०- 18005720112 पर कॉल कर चार आसान प्रश्नों के उत्तर देकर अपनी राय (Feedback) दे सकते हैं।

स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण-2019 के तहत 'मेसर्स इप्सोस रिसर्च प्राईवेट लिमिटेड' द्वारा स्वच्छता सर्वे का कार्य किया जाना है। आशा की जाती है कि सर्वेक्षण के क्रम में संबंधित एजेंसी को अपेक्षित सहयोग प्रदान किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला/प्रखंड/ग्राम स्तर पर सभी जीविका स्वयं सहायता समूहों/ग्राम संगठनों/संकुल स्तरीय संघ के सदस्यों एवं समस्त जीविका कर्मी को अपनी राय (Feedback)

उपरोक्त प्रक्रिया के तहत दिए जाने हेतु प्रेरित करेंगे एवं जीविका के माध्यम से न्यूनतम 50 लाख जीविका दीदियों की जन-भागीदारी सुनिश्चित किए जाने हेतु आवश्यक प्रयास करेंगे ।

विश्वासभाजन

26/08/19

(राजीव कुमार सिंह)

**ज्ञापांक :** BRLPS/LSBA/Proj/90/18/529 **दिनांक :** 26/08/19

प्रतिलिपि : सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक/प्रभारी प्रखंड परियोजना प्रबंधक, जीविका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि : कार्यक्रम समन्वयक, G & KM, जीविका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

प्रतिलिपि : राज्य परियोजना प्रबंधक, HNS, जीविका को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित ।

26/08/19

(राजीव कुमार सिंह)